जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

नकली वीजा बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

दिल्ली delhi news। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. एयरपोर्ट पुलिस ने दिल्ली में चल रही एक फर्जी पासपोर्ट फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. फर्जी पासपोर्ट की इस फैक्टरी में इतनी सफाई से नकली पासपोर्ट तैयार किए जा रहे थे, जिन्हें पहचानना एक सामान्य आदमी के लिए लगभग नामुमकिन सा था. Indira Gandhi International Airport यह गिरोह पासपोर्ट बनाने के लिए एक खास तरह के कागज का इस्तेमाल करता था. साथ ही, ये लोग वह सभी सिक्योरिटी फीचर अपने पासपोर्ट में डालते थे, जो किए असली पासपोर्ट में होती हैं. आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने अब तक इस मामले में छह गिरफ्तारियां पूरी कर ली है. पुलिस को मौके से भारी तादाद में पासपोर्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला है.

Source: https://jantaserishta.com/national/fake-visa-making-factory-busted-6-arrested-3526561